उत्तराखण्ड शासन
वित्त अनुभाग–8
संख्या 526/2017/9(120)/XXVII(8)/2017
देहरादून:: दिनांक:: 29 जून, 2017

अधिसूचना

चूँकि राज्य सरकार का समाधान हो गया है कि लोक हित में ऐसा करना समीचीन है;

अतएव, अब, राज्यपाल, उत्तराखण्ड माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का 06) की धारा 9 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, परिषद् की सिफारिशों **के क्रम में** यह अधिसूचित करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं कि नीचे दी गई सारणी के स्तंभ (2) में वर्णित सेवाओं की पूर्ति के प्रवर्गों पर, जिनकी पूर्ति उक्त सारणी के स्तंभ (3) में यथाविनिर्दिष्ट व्यक्ति द्वारा की गई है, उक्त उत्तराखण्ड माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 9 के अधीन उद्ग्रहणीय संपूर्ण राज्य कर का संदाय, उक्त सारणी के स्तंभ (4) में यथाविनिर्दिष्ट ऐसी सेवाओं के प्राप्तिकर्ता द्वारा प्रतिलोम प्रभार आधार पर किया जाएगा :--

**सारणी**

| क्र.सं. | सेवाओं की पूर्ति के प्रवर्ग | सेवा का पूर्तिकार | सेवा का प्राप्तिकर्ता |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1 | किसी माल परिवहन अभिकरण (जीटीए) द्वारा माल के सड़क द्वारा निम्नलिखित को परिवहन की बाबत सेवाओं की पूर्ति –<br>(क) कारखाना अधिनियम, 1948 (1948 का 63) के अधीन या उसके द्वारा किसी भी कारखाने को ; या<br>(ख) भारत के किसी भाग में सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का 21) या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन रजिस्ट्रीकृत किसी भी सोसाइटी को ; या<br>(ग) किसी विधि द्वारा या उसके अधीन स्थापित किसी भी सहकारी सोसाइटी को ; या<br>(घ) केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम/ एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम/ राज्य माल और सेवा कर अधिनियम/ संघ | माल परिवहन अभिकरण (जीटीए) | कराधेय राज्यक्षेत्र में अवस्थित,--<br>(क) कारखाना अधिनियम, 1948 (1948 का 63) के अधीन या उसके द्वारा किसी भी कारखाने को ; या<br>(ख) भारत के किसी भाग में सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का 21) या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन रजिस्ट्रीकृत किसी भी सोसाइटी को ; या<br>(ग) किसी विधि द्वारा या उसके अधीन स्थापित किसी भी सहकारी सोसाइटी को ; या<br>(घ) केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम/ एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम/ राज्य माल और सेवा कर अधिनियम/ संघ राज्यक्षेत्र माल और सेवा कर के अधीन रजिस्ट्रीकृत किसी भी व्यक्ति को ; या |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | अधीन रजिस्ट्रीकृत किसी भी व्यक्ति को ; या<br>(ङ.) किसी विधि द्वारा या उसके अधीन स्थापित किसी भी निगमित निकाय को ; या<br>(च) किसी विधि के अधीन किसी भी भागीदारी फर्म को, चाहे रजिस्ट्रीकृत हो या नहीं, जिसके अंतर्गत व्यक्तियों का संगम भी है ; या<br>(छ)कोई नैमित्तिक कराधेय व्यक्ति । | | (ङ.) किसी विधि द्वारा या उसके अधीन स्थापित किसी भी निगमित निकाय को ; या<br>(च) किसी विधि के अधीन किसी भी भागीदारी फर्म को, चाहे रजिस्ट्रीकृत हो या नहीं, जिसके अंतर्गत व्यक्तियों का संगम भी है ; या<br>(छ) कोई आकस्मिक कराधेय व्यक्ति। |
| 2 | किसी व्यष्टिक अधिवक्ता, जिसके अंतर्गत कोई वरिष्ठ अधिवक्ता भी है, द्वारा किसी कराधेय राज्यक्षेत्र, जिसके अंतर्गत वह स्थान भी है, जहां ऐसी सेवाओं के उपबंध के लिए कोई संविदा किसी अन्य अधिवक्ता के माध्यम से की गई थी, में अवस्थित किसी कारबार अस्तित्व को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी न्यायालय, अधिकरण या प्राधिकरण के समक्ष प्रतिनिधित्व संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु या अधिवक्ताओं की किसी फर्म द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी कारबार अस्तित्व को विधिक सेवाओं के माध्यम से उपलब्ध कराई गई सेवाएं । | कोई व्यष्टिक अधिवक्ता या अधिवक्ताओं की फर्म | कराधेय राज्यक्षेत्र में अवस्थित कोई कारबार अस्तित्व। |
| 3 | किसी माध्यस्थम् अधिकरण द्वारा किसी कारबार अस्तित्व को पूर्तित सेवाएं । | कोई माध्यस्थम् अधिकरण | कराधेय राज्यक्षेत्र में अवस्थित कोई कारबार अस्तित्व । |
| 4 | किसी भी निगमित निकाय या भागीदारी फर्म को प्रायोजितता के रूप में दी गई सेवाएं । | कोई भी व्यक्ति | कराधेय राज्यक्षेत्र में अवस्थितकोई निगमित निकाय या भागीदारी फर्म । |
| 5 | किसी कारबार अस्तित्व को केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार, संघ राज्यक्षेत्र या स्थानीय प्राधिकरण द्वारा पूर्तित सेवाएं, जिसके अंतर्गत निम्नलिखित | केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार, संघ | कराधेय राज्यक्षेत्र में अवस्थित कोई कारबार अस्तित्व । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (1) स्थावर संपत्ति को किराए पर देना ; और<br>(2) नीचे विनिर्दिष्ट सेवाएं-<br>(i) स्पीड पोस्ट, एक्सप्रेस पार्सल पोस्ट, जीवन बीमा और अभिकरण सेवाओं के रूप में डाक विभाग द्वारा केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार, संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन से भिन्न किसी व्यक्ति को दी गई सेवाएं ;<br>(ii) किसी पत्तन या किसी विमानपत्तन की प्रसीमाओं के भीतर या बाहर किसी वायुयान या जलयान के संबंध में सेवाएं ;<br>(iii) माल या यात्रियों का परिवहन । | स्थानीय प्राधिकरण | |
| 6 | किसी कंपनी या किसी निगमित निकाय के निदेशक द्वारा उक्त कंपनी या निगमित निकाय को पूर्तित सेवाएं । | किसी कंपनी या किसी निगमित निकाय का कोई निदेशक | कराधेय राज्यक्षेत्र में अवस्थित कोईकंपनी या निगमित निकाय । |
| 7 | किसी बीमा अभिकर्ता द्वारा बीमा कारबार करने वाले किसी व्यक्ति को पूर्तित सेवाएं । | कोई बीमा अभिकर्ता | कराधेय राज्यक्षेत्र में अवस्थित कोई व्यक्ति, जो बीमा कारबार कर रहा है । |
| 8 | किसी वसूली अभिकर्ता द्वारा किसी बैंककारी कंपनी या किसी वित्तीय संस्था या किसी गैर-बैंककारी वित्तीय कंपनी को पूर्तित सेवाएं । | कोई वसूली अभिकर्ता | कराधेय राज्यक्षेत्र में अवस्थितकोई बैंककारी कंपनी या वित्तीय संस्था या गैर-बैंककारी वित्तीय कंपनी । |
| 9 | किसी लेखक, संगीतकार, फोटोग्राफर, कलाकार और उसी प्रकार के अन्य द्वारा प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम, 1957 की धारा 13 की उपधारा (1) के खंड (क) के अंतर्गत आने वाले मूल साहित्यिक, नाट्य, संगीत संबंधी या कला संबंधी कार्यों से संबंधित | लेखक, संगीतकार, फोटोग्राफर, कलाकार और उसी प्रकार के अन्य | कराधेय राज्यक्षेत्र में अवस्थित कोईप्रकाशक, संगीत कंपनी, निर्माता और उसी प्रकार के अन्य । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | संगीत कंपनी, निर्माता और उसी प्रकार के अन्य द्वारा उपयोग या उपभोग का अंतरण करने या उसकी अनुज्ञा देने के रूप में सेवाओं की पूर्ति । | | |

स्पष्टीकरण–इस अधिसूचना के प्रयोजन के लिए,--

(क) कोई व्यक्ति, जो कराधेय राज्यक्षेत्र में स्थित माल वाहक में सड़क द्वारा माल के परिवहन के लिए किराए का संदाय करने का दायी है, ऐसा व्यक्ति समझा जाएगा, जो इस अधिसूचना के प्रयोजनों के लिए सेवा प्राप्त करता है ।

(ख) "निगमित निकाय" का वही अर्थ है, जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2 के खंड (11) में उसका है ।

(ग) कराधेय राज्यक्षेत्र में अवस्थित ऐसे किसी कारबार अस्तित्व को, जो यथास्थिति, मुकदमेबाज, आवेदक या याची है, ऐसे व्यक्ति के रूप में माना जाएगा, जो इस अधिसूचना के प्रयोजन के लिए विधिक सेवाएं प्राप्त करता है ।

(घ) इस अधिसूचना में प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो इस अधिसूचना में परिभाषित नहीं हैं, किंतु उत्तराखण्ड माल और सेवाकर अधिनियम, केंद्रीय माल और सेवाकर अधिनियम और एकीकृत माल और सेवाकर अधिनियम में परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा, जो उक्त अधिनियम में उनका है ।

2. यह अधिसूचना 1 जुलाई, 2017 से प्रवृत्त होगी ।

(राधा रतूड़ी)
प्रमुख सचिव

**सं0 526/2017/9(120)/XXVII(8)/2017तद्दिनांक।**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1– आयुक्त कर, उत्तराखण्ड, देहरादून को इस आशय से कि वे अपने स्तर से संबंधित अधिकारियों, कर अधिवक्ताओं व करदाताओं को अवगत करा दें।

2– निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री उत्तराखण्ड, रूड़की जिला हरिद्वार को अधिसूचना की हिन्दी/अंग्रेजी प्रतियॉ इस आशय से प्रेषित की इसे असाधारण गजट में प्रकाशित करते हुये 100–100 प्रतियॉ वित्त अनुभाग–8 में अविलम्ब उपलब्ध करा दें।

3– भाषा अनुभाग, उत्तराखण्ड सचिवालय।

4– अपर सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन।

5– एन0आई0सी0

6– गार्ड फाईल हेतु।

आज्ञा से,

(हीरा सिंह बसेड़ा)
अनुसचिव

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the Notification No. 526/ 2017/9(120)/XXVII(8)/2017 dated 29 June, 2017 for general information

**Government of Uttarakhand**
**Finance Section-8**
**No. 526/2017/9(120)/ XXVII(8)/2017**
**Dehradun :: Dated:: 29 June, 2017**
**Notification**

WHEREAS, the State Government is satisfied that it is expedient so to do in public interest;

Now, THEREFORE, In exercise of the powers conferred by sub-section (3) of section 9 of the Uttarakhand Goods and Services Tax Act, 2017 (06 of 2017), the Governor, in the continuation of the recommendations of the Council, is pleased to allow to notify that on categories of supply of services mentioned in column (2) of the Table below, supplied by a person as specified in column (3) of the said Table, the whole of State tax leviable under section 9 of the said Uttarakhand Goods and Services Tax Act, shall be paid on reverse charge basis by the recipient of the such services as specified in column (4) of the said Table:-

**Table**

| **Sl. No.** | **Category of Supply of Services** | **Supplier of service** | **Recipient of Service** |
|---|---|---|---|
| **(1)** | **(2)** | **(3)** | **(4)** |
| 1 | Supply of Services by a goods transport agency (GTA) in respect of transportation of goods by road to-<br>(a) any factory registered under or governed by the Factories Act, 1948(63 of 1948);or<br>(b) any society registered under the Societies Registration Act, 1860 (21 of 1860) or under any other law for the time being in force in any part of India; or<br>(c) any co-operative society established by or under any law; or | Goods Transport Agency (GTA) | (a) Any factory registered under or governed by the Factories Act, 1948(63 of 1948); or<br>(b) any society registered under the Societies Registration Act, 1860 (21 of 1860) or under any other law for the time being in force in any part of India; or<br>(c) any co-operative society established by or under any law; or<br>(d) any person registered under the Central Goods and Services Tax Act or the Integrated Goods and Services Tax Act or the State Goods and Services |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (d) any person registered under the Central Goods and Services Tax Act or the Integrated Goods and Services Tax Act or the State Goods and Services Tax Act or the Union Territory Goods and Services Tax Act; or<br>(e) any body corporate established, by or under any law; or<br>(f) any partnership firm whether registered or not under any law including association of persons; or<br>(g) any casual taxable person. | | Tax Act or the Union Territory Goods and Services Tax Act; or<br>(e) any body corporate established, by or under any law; or<br>(f) any partnership firm whether registered or not under any law including association of persons; or<br>(g) any casual taxable person;<br>located in the taxable territory. |
| 2 | Services supplied by an individual advocate including a senior advocate by way of representational services before any court, tribunal or authority, directly or indirectly, to any business entity located in the taxable territory, including where contract for provision of such service has been entered through another advocate or a firm of advocates by way of legal services, directly or indirectly, to a business entity. | An individual advocate including a senior advocate or firm of advocates. | Any business entity located in the taxable territory. |
| 3 | Services supplied by an arbitral tribunal to a business entity. | An arbitral tribunal. | Any business entity located in the taxable territory. |
| 4 | Services provided by way of sponsorship to any body corporate or partnership firm. | Any person | Any body corporate or partnership firm located in the taxable territory. |
| 5 | Services supplied by the Central Government, State Government, Union territory or local authority to [illegible] | Central Government, State Governme[illegible] | Any business entity located in the taxable territory. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (1) renting of immovable property, and<br>(2) services specified below-<br>(i) services by the Department of Posts by way of speed post, express parcel post, life insurance, and agency services provided to a person other than Central Government, State Government or Union territory or local authority;<br>(ii) services in relation to an aircraft or a vessel, inside or outside the precincts of a port or an airport;<br>(iii) transport of goods or passengers. | nt, Union territory or local authority | |
| 6 | Services supplied by a director of a company or a body corporate to the said company or the body corporate. | A director of a company or a body corporate | The company or a body corporate located in the taxable territory. |
| 7 | Services supplied by an insurance agent to any person carrying on insurance business. | An insurance agent | Any person carrying on insurance business, located in the taxable territory. |
| 8 | Services supplied by a recovery agent to a banking company or a financial institution or a non-banking financial company. | A recovery agent | A banking company or a financial institution or a non-banking financial company, located in the taxable territory. |
| 9 | Supply of services by an author, music composer, photographer, artist or the like by way of transfer or permitting the use or enjoyment of a copyright covered under clause (a) of sub-section (1) of section 13 of the Copyright Act, 1957 relating to original literary, dramatic | Author or music composer, photographer, artist, or the like | Publisher, music company, producer or the like, located in the taxable territory. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | musical or artistic works to a publisher, music company, producer or the like. | | |

Explanation.- For purpose of this notification,-

(a)The person who pays or is liable to pay freight for the transportation of goods by road in goods carriage, located in the taxable territory shall be treated as the person who receives the service for the purpose of this notification.

(b) "Body Corporate" has the same meaning as assigned to it in clause (11) of section 2 of the Companies Act, 2013.

(c) the business entity located in the taxable territory who is litigant, applicant or petitioner, as the case may be, shall be treated as the person who receives the legal services for the purpose of this notification.

(d) the words and expressions used and not defined in this notification but defined in the Uttarakhand Goods and Services Tax Act, Central Goods and Services Tax Act and the Integrated Goods and Services Tax Act, shall have the same meanings as assigned to them in the said Act.

2. This notification shall come into force with effect from 1st day of July, 2017.

(Radha Raturi)
Principal Secretary